जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

11 अक्टूबर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के छात्र मुन्ना खालिद को मिला दिल्ली राज्य अवार्ड**

जामिया के पी. एच. डी के छात्र मुन्ना खालिद को उनके खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिल्ली राज्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह अवार्ड दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री, श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिनांक 09.10.2023 को शाह ऑडिटोरियम में दिया गया।

गौरतलब है कि यह अवार्ड प्रत्येक वर्ष एक पुरुष और एक महिला को दिया जाता है। मुन्ना खालिद दिल्ली के एकमात्र ऐसे बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जिन्होंने पैरा बैडमिंटन में दिल्ली के साथ -साथ देश का भी नाम रोशन किया है।

मुन्ना खालिद की इस उपलब्धि के लिए जामिया की कुलपति प्रोफ़ेसर नजमा अख्तर ने उनको बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुन्ना खालिद का सपना आने वाले  एशियाई खेलों व पैरालिंपिक में देश का नाम रोशन करना हैं। मुन्ना खालिद जामिया मिल्लिया इस्लामिया से हिंदी साहित्य में पी. एच. डी के छात्र हैं| इससे पहले मुन्ना खालिद ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बी. ए (ऑनर्स), एमएसडब्ल्यू, और एम. ए हिंदी भी किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया